Title: Regarding need to lay rail line between Alwar in Rajasthan And Narnaul in Haryana - Laid.

डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) : मान्यवर, अलवर राजस्थान का एक महत्वपूर्ण जिला है जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अलवर में उद्योग, शिक्षा संस्थान, कालेज विभिन्न अनुसंधान केन्द्र स्थापित हैं। दूध की यहां नदियां बहती हैं, यह कहना अतिश्योक्ति न होगा। ऐसा देखा गया है कि अलवर में मजदूर वर्ग, छात्र वर्ग, किसान तथा अन्य गरीब लोग रोज अपने काम हेतु अलवर आते हैं। यहां हजारों लोग नारनौल (हरियाणा) से, तथा बीच के गांवों तथा शहरों से आते तथा जाते हैं। अलवर और नारनौल के बीच रेलपथ नहीं है। लोग सड़क द्वारा अलवर आते जाते हैं। अलवर तथा नारनौल के बीच की सड़क भी बहुत खराब है जिससे दुर्घटनाओं का डर मंडराता रहता है। लोग बस के ऊपर तथा बीच में लदे रहते हैं। इसके अतिरिक्त सड़क यातायात का पर्यावरण पर गम्भीर दुष्प्रभाव पड़ता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि गरीब जनता के कल्याण हेतु अलवर तथा नारनौल के बीच सरकार रेल पथ के लिए सर्वेक्षण करवाए जिससे जल्द से जल्द रेलगाड़ी चल सके, क्योंकि रेल यात्रा अधिक आरामदायक, सस्ती तथा सुखदायी होती है।